संख्या : 1726620/33-3-2023

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायतीराज,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

पंचायतीराज अनुभाग-3, **लखनऊः 14 जुलाई, 2023**

विषयः- उत्तर प्रदेश राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने एवं पर्यावरण संतुलन हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जा रहे वृक्षारोपण लक्ष्य के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-6/2023/242/81-5-2023 दिनांक 02.06.2023 कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पंचायतीराज विभाग हेतु 127.98 लाख वृक्षारोपणका लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तत्क्रम में उप सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-363(2)/81-5-2023, दिनांक 12.07.2023 द्वारा वृक्षारोपण दिवस 2023-24 की तैयारियों की समीक्षा हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी थी। उक्त सम्पन्न बैठक में मुख्य सचिव महोदय द्वारा वृक्षारोपण अभियान 2023-24 हेतु दिये गये निर्देश निम्नवत हैं :-

- प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूनतम 1000 पौधों के रोपण की कार्यवाही करायी जाय।
- ग्राम पंचायत की खुली बैठक तत्काल आहूत कर 1000 पौधों के रोपण की कार्यवाही के सम्बन्ध में **'हर खेत में मेंड़ तथा हर मेंड़ में पेड़'** का प्रस्ताव पारित करते हुये कार्यवाही तय की जाय।
- ग्राम पंचायत में किस दिन प्रस्ताव पारित कर चर्चा की गयी इसकी सूचना भी दी जाये तथा पौधरोपड़ सुनिश्चित करते हुये उसकी फोटो हरितमा एप पर Upload भी किया जाय।

2– अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त निर्देशों में निर्धारित व्यवस्थानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हेतु वृक्षारोपण हेतु तैयारी कराना सुनिश्चित करें तथा उसकी फोटो हरितमा एप पर Upload कराते हुये कृत कार्यवाही की आख्या शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

15.7.23

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनाँक :– तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–5, उत्तर प्रदेश शासन।
2– समस्त उपनिदेशक, पंचायतीराज, उत्तर प्रदेश।
3– अपर मुख्य अधिकारी, समस्त जिला पंचायतें, उत्तर प्रदेश।
4– समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अशोक कुमार राम)
अनु सचिव।